दैनिक न्याय साक्षी

# खबरें खास

रायगढ़, शनिवार 25 सितंबर 2021

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### 2300 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने स्टे हटाया, भर्ती की राह हुई आसान

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन द्वारा 2300 शिक्षकों की भर्ती के संबंध में राज्य शासन के शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की चयन प्रक्रिया को लेकर शिक्षक संघ द्वारा दायर याचिका पर राज्य शासन के खिलाफ हाईकोर्ट ने स्थगनादेश जारी किया था। उक्त आदेश राज्य शासन की अपील पर सुनवाई के उपरांत हाईकोर्ट ने आज रद्दकर शिक्षकों की भर्ती के लिए रास्ता खोला है। उक्त स्टे खत्म होने के बाद हाईकोर्ट के निर्देशानुसार राज्य शासन के शिक्षा विभाग द्वारा पात्र शिक्षकों की नियुक्ति नियमानुसार की जाएगी। ज्ञातव्य है कि अब छत्तीसगढ़ शासन 2300 को की नियुक्ति आदेश कभी भी जारी कर सकती है छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवक जोश में पात्रता रखते हैं जिनका सिलेक्शन हुआ है उनका आदेश कभी भी जारी हो सकता है यह बहुत अच्छा निर्णय है कुछ तो लोगों को नौकरी मिलेगी।

### जिले में 924.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 24 सितम्बर तक 924.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 11 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 942.7 मिली मीटर, पुसौर में 1080.3, खरसिया में 857.4, सारंगढ़ में 993.9, बरमकेला में 785.2, घरघोड़ा में 895.9, तमनार में 824.5, लैलूंगा में 923.7, धरमजयगढ़ में 1044.8, सरिया में 783.7 तथा छाल तहसील में 1040.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1074.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 1074.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 24 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार कोरबा जिले में सर्वाधिक 1496.6 मिमी और कबीरधाम जिले में सबसे कम 861.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 941.4 मिमी, सूरजपुर में 1263.8 मिमी, बलरामपुर में 1045.8 मिमी, जशपुर में 1103.2 मिमी, कोरिया में 1013.3 मिमी, रायपुर में 917.7 मिमी, बलौदाबाजार में 976 मिमी, गरियाबंद में 1043.4 मिमी, महासमुंद में 905.5 मिमी, धमतरी में 977.3 मिमी, बिलासपुर में 1071.9 मिमी, मुंगेली में 1047.6 मिमी, रायगढ़ में 927.6 मिमी, जांजगीर चांपा में 1129.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1366.1 दुर्ग में 975.5 मिमी, राजनांदगांव में 954.9 मिमी, बालोद में 899.5 मिमी, बेमेतरा में 1170.4 मिमी, बस्तर में 1062.3 मिमी, कोण्डागांव में 1057.2 मिमी, कांकेर में 997.4 मिमी, नारायणपुर में 1237.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 1114.5 मिमी, सुकमा में 1360.8 मिमी, और बीजापुर में 1163.9 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# कलेक्टर भीम सिंह ने किया अमृत वाणिज्य सप्ताह के अंतर्गत लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण

**रायगढ़।** वाणिज्य सप्ताह के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर में एक्सपोटर्स कानक्लेव के तहत जिले से एक्सपोर्ट किए जाने वाले आईटम्स की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें स्टील से निर्मित सामग्रियों के साथ अन्य जिले के रेशम व हैण्डलूम प्रोडक्ट्स के साथ किसानों के जैविक उत्पाद,महिला समूहों द्वारा निर्मित सामग्रियों व झारा शिल्प से बनी कलाकृतियों के स्टॉल लगाए गए। कलेक्टर भीम सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इन उत्पादों तथा निर्यात के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिले से एक्सपोर्ट को प्रमोट करने के लिए हर संभव सहायता देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सीजीएम डीआईसी उईके, भारत सरकार के एमएसएमई विकास संस्थान रायपुर से असिस्टेन्ट



डायरेक्टर लोकेश परगनिहा भी उपस्थित रहे।

कामर्स विभाग के द्वारा आजादी के 75 वर्ष के अवसर पर वाणिज्य सप्ताह का आयोजन पूरे प्रदेश में 20 से 26 सितम्बर तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 सितम्बर को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ के द्वारा कलेक्टोरेट परिसर में विभिन्न लघु, स्व-सहायता समूह, स्टील, उद्योगों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें ग्रामोद्योग रेशम एवं हाथकरघा रायगढ़ ने टसर, मलबरी धागा एवं वस्त्र का प्रदर्शनी तथा विक्रय के लिए स्टाल लगाया गया। उन्होंने कलेक्टर भीम सिंह को कोकून से लेकर रेशम की विभिन्न किस्मों की जानकारी देते हुये बताया कि छत्तीसगढ़ में मलबरी रेशम धागा रायगढ़ के सारंगढ़ में ही उत्पादन किया जा रहा है। जिला हाथ करघा द्वारा स्वदेशी निर्मित कपड़ों का प्रदर्शनी लगाया गया था। कलेक्टर सिंह ने रेशम धागा से कपड़े बनाने का पूरा कार्य जल्द रायगढ़ में शुरू करने के निर्देश दिए। बिहान अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों हस्तनिर्मित उत्पादों का स्टॉल लगाया गया था। स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि समूह की सहभागीदारी से विभिन्न उत्पाद एवं खाद्य पदार्थ का निर्माण किया जा रहा है और स्टॉल लगाकर एवं स्थानीय स्तर पर विक्रय किया जा रहा है, जिससे अच्छी आमदनी हो रही है। मुकेश चौधरी बरमकेला ने बताया कि वर्तमान में सभी किसान धान की फसल को प्राथमिकता दे रहे है। इसलिए उन्होंने वर्तमान में जिंक राईस, रेड राईस जैसे 16 किस्म के धान के बीज तैयार कर रहे है। जिनकी अपनी खुबियां है। उन्होंने बताया कि इन चावलों का स्वयं उत्पादन करने के साथ दूसरे किसानों को भी इसकी खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहे है ताकि उनकी आय में बढ़ोत्तरी हो।

कृषि कल्याण एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जैविक खेती अंतर्गत सुगंधित, जवाफूल धान किस्म का चावल, हल्दी एवं विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री प्रदर्शनी में शामिल किया था। उनका मुख्य उद्देश्य जैविक कृषि को प्रोत्साहित करना जो अन्य फसलों की अपेक्षा लाभदायक के साथ ही स्वादिष्ट होता है। ग्राहक रतन लाल अग्रवाल ने बताया की जैविक रूप से तैयार खाद्य सामग्री को प्राथमिकता देते है, क्योंकि यह पौष्टिक होने के साथ-साथ स्वादिष्ट होता है। इसलिए उन्होंने स्टाल से चावल, घी, आटा जैसी चीजें खरीदी है।

बेलमेटल से निर्मित विभिन्न प्रकार हस्त शिल्प का प्रदर्शनी लगाया गया था। संचालक ने बताया कि शासन के सहयोग से उनके भाई को हस्तशिल्प प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर के इंस्टीट्यूट में भेजा गया था। उन्होंने बताया कि डिप्लोमा कोर्स के पश्चात प्रशिक्षित होकर अब वह पारंपरिक के साथ मार्डन सजावटी वस्तुओं को भी बना रहे है जिसकी मांग बाजार में है। इसी तरह एमएसपी, जेएसडब्ल्यू जैसे औद्योगिक स्थानों ने भी स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों व उनके निर्यात के बारे में प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जानकारी दी।

## लिबरा समिति के गोदाम में कम मिला डीएपी और यूरिया

**» समिति प्रबंधक पर हुई कार्यवाही**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने सेवा सहकारी समितियों में खाद के भंडारण की स्थिति व खाद की कालाबाजारी की जांच करने के निर्देश समस्त एसडीएम को दिए थे। इसी कड़ी में एसडीएम लैलूंगा के निर्देश पर प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लोभन साय सारथी, कृषि विकास अधिकारी/उर्वरक निरीक्षक एस.यू.खान एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जी.एस.ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लिबरा, विकासखण्ड लैलूंगा समिति का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान के आईएफएमएस स्कंध एवं भण्डारण वितरण की जानकारी के आधार पर गोदाम में भण्डारित डीएपी के 1100 बोरी एवं यूरिया के 416 बोरी की कमी पायी गई है। इस संबंध में कलेक्टर सिंह के समक्ष नस्ती प्रस्तुत किया गया। जिस पर उन्होंने समिति प्रबंधक आनंदराम पटेल को दोषी मानते हुये उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते हुये उनसे वसूल कर शासकीय कोष में जमा कराने हेतु उप संचालक कृषि व उप पंजीयक सहकारिता रायगढ़ को निर्देशित किया। उप संचालक कृषि ने बताया कि समिति प्रबंधक आनंदराम पटेल के कार्यभार में डीएपी एवं यूरिया की कमी पाया जाना अनियमिता उर्वरक (नियंत्रण)आदेश, 1985 खण्ड-35 (1)क एवं खण्ड-4 तथा डी.बी.टी के नियमों का घोर उल्लंघन है।

### भारत बंद- 27 को बांकी-सुतर्रा मार्ग जाम करेंगे किसान

**कोरबा (आरएनएस)।** किसान विरोधी तीनों काले कानूनों के खिलाफ आयोजित भारत बंद के समर्थन में छत्तीसगढ़ किसान सभा अन्य सहयोगी ट्रेड यूनियन संगठनों और वामपंथी दलों के समर्थन से बांकी.-सुतर्रा राज्य मार्ग को 27 सितम्बर को जाम करेगी। यह घोषणा किसान सभा के अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर और सचिव प्रशांत झा ने आज यहां बंद के पोस्टर-पर्चे जारी करते हुए की। उन्होंने कहा कि मनरेगा, वनाधिकार, भू-विस्थापन और बिजली-सड़क-पानी से जुड़ी स्थानीय मांगों को भी आंदोलन की मांगों में शामिल करके व्यापक प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

## बालक का रेस्क्यू कर सुरक्षित रायगढ़ लाने में अहम भूमिका निभाने वाले समारू सिदार व महेन्द्र कर्ष को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**रायगढ़।** एक साल पहले रायगढ़ जिले की एक महिला द्वारा अपने बच्चे को जिला मथुरा से वापस दिलाये जाने हेतु सखी वन स्टाफ सेंटर रायगढ़ में आवेदन किया गया था। उक्त आवेदन के आधार पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के निर्देश पर सामाजिक कार्यकर्ता समारू सिदार एवं पुलिस आरक्षक महेन्द्र कुमार कर्ष द्वारा कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए मथुरा उत्तर प्रदेश से 26 फरवरी 2021 से 2 मार्च 2021 की कालावधि के दौरान बालक का रेस्क्यू कर सुरक्षित रायगढ़ लाने के पश्चात उनके माता को सुपुर्द किया गया। कलेक्टर भीम सिंह ने कल सृजन सभाकक्ष में सामाजिक कार्यकर्ता समारू सिदार एवं पुलिस आरक्षक महेन्द्र कुमार कर्ष को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

ज्ञात है कि ग्राम-कोटरीमाल थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ अंतर्गत एक महिला ने बाल कल्याण समिति रायगढ़ में अपने बालक को मथुरा से लाने हेतु 29 जनवरी 2020 को आवेदन किया था। आवेदन के आधार पर सीडब्लूसी रायगढ़ व डीसीपीओ द्वारा मामले पर तुरंत कार्यवाही करते हुये बच्चे का संज्ञान लेने हेतु बाल कल्याण समिति मथुरा से लगातार संपर्क कर बालक की जानकारी ली गई। सीडब्लूसी मथुरा द्वारा बालक की जानकारी प्रदान करने के पश्चात बालक को मथुरा से लाने हेतु बाल कल्याण समिति रायगढ़ द्वारा टीम गठित किया गया। गठित टीम में डीसीपीयु से समारू सिदार समाजिक कार्यकर्ता, पुलिस आरक्षक महेन्द्र कर्ष व चाइल्ड लाईन रायगढ़ से टीम मेम्बर गुलापी विश्वाल शामिल थे।

## निर्यात बढ़ाने जिला प्रशासन देगा हर संभव मदद- कलेक्टर सिंह

**» वर्कशॉप में सम्मिलित हुए स्थानीय कृषि उत्पादक एवं औद्योगिक संस्थान**

**रायगढ़।** जिले में तैयार हो उत्पादों का निर्यात बढ़ाने एवं इससे संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। आयोजित वर्कशाप में कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि स्थानीय कृषि उत्पादकों एवं उद्योगों को निर्यात के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा।

जिले के स्थानीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वाणिज्य सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से निर्यात दर में वृद्धि करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले को निर्यात हब बनाने के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर सिंह ने कहा कि रायगढ़ में रेशम, जवाफूल का उत्पादन अच्छा है। रेशम के उत्पादन में वृद्धि हेतु प्लांटेशन बढ़ाया जा रहा है। जिले में रिलिंग का काम भी हो रहा है। अब अगले चरण में रेशम से कपड़े निर्माण का काम यहां जल्द शुरू किया जाएगा। जिसके पश्चात उसका स्थानीय स्तर पर



उपयोग के साथ निर्यात कर रायगढ़ को रेशम एक्सपोर्ट हब बनाया जा सके। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी उत्पादकों एवं औद्योगिक प्रतिनिधियों को जिला प्रशासन से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

वर्कशाप में एमएसएमई असिस्टेन्ट डायरेक्टर लोकेश परगनिहा ने बताया कि किसानों को जागरूक करने एवं आने वाली समस्याओं के लिए स्थानीय स्तर पर वर्कशाप आयोजित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना आवश्यक है। जिसमें ट्रेनिंग, टेस्टिंग एवं पैकेजिंग जैसी सभी पहलुओं पर चर्चा की जा सके। उन्होंने बताया कि देश से बाहर निर्यात करने के लिए विभिन्न मानको को पूरा किया जाना आवश्यक है। जिसमें ट्रेडमार्क, पैकेजिंग महत्वपूर्ण है। इसके अलावा लिंकेज, पेटेंट एवं प्रमोशन सभी प्रकार के पहलुओं का उचित क्रियान्वयन करना जरूरी होता है।

कार्यशाला में शामिल किसानों तथा स्थानीय उत्पादकों ने भी निर्यात से जुड़ी अपनी समस्याओं को वर्कशाप में रखा। जिसके पश्चात उससे संबंधित अधिकारियों द्वारा उनकी समस्या के निवारण हेतु जानकारी दी गई। इसके साथ ही किसानों ने वर्कशाप में मौजूद अधिकारियों से कृषि, उत्पाद से संबंधित सेमीनार वर्कशाप स्थानीय स्तर पर आयोजित करने का आग्रह किया।

इस मौके पर सीजीएम डीआईसी उईके, उप संचालक कृषि एल.एम.भगत सहित उद्योगों के प्रतिनिधि, किसान उत्पादक संगठन के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

## टेंट हाऊस में लगी भीषण आग, दमकल की टीम और पुलिस मौके पर मौजूद

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के छेरीखेड़ी स्थित फ्लॉवर क्विन्स टेंट हाउस में भीषण आग लगी है। आग लगने का कारण अज्ञात है। स्थानीय पुलिस और दमकल की टीम मौके पर मौजूद है।

मिली जानकारी के मुताबिक मंदिरहसौद के छेरीखेड़ी इलाके में शुक्रवार दोपहर एक मैरिज पैलेस में आग लग गई। ललित महल के सामने वाली सड़क पर स्थित सिब्बल फार्म के पिछले हिस्से में ये करीब 1 बजे के आस-पास आग लगी। कर्मचारियों की नजर अचानक धुएं और टेंट एरिया से उठती लपटों पर पड़ी। जिसके बाद कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। मगर लकड़ी के सामान में सुलग रही आग ने चंद मिनटों में बड़ा रूप ले लिया। जिसके बाद कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई व इसकी सुचना टिकरापारा फ ायर स्टेशन को दी गई। फौरन मौके से एक दमकल वाहन रवाना किया गया। सुचना पाकर फायर फाइटिंग टीम ने दो और वाहनों को रेस्क्यू के काम में लगा दिया। करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद अब आग नियंत्रण में है। जहां हादसा हुआ वहां गद्दे, प्लायवुड, वैवाहिक स्टेज बनाने में इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक और कपड़े की चीजें थीं। लाखों का स्टॉक इस आग में स्वाहा होने की खबर है। हालांकि अब तक नुकसान का सही आंकलन नहीं हो सका है। आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।

## किराये पर डेबिट कार्ड लेकर एटीएम में उंगली फंसाकर निकाले थे लाखों रुपये, दो आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा (आरएनएस)।** कवर्धा पुलिस ने दो शातिर ठगों को गिरफ्तार 21 डेबिट कार्ड और 3.90 लाख रुपए बरामद किये हैं। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश के जौनपुर से हुई है।



मिली जानकारी के मुताबिक कवर्धा एटीएम मेन ब्रांच के मैनेजर ने शिकायत की थी कि शहर में लगी बैंक की अलग-अलग एटीएम से ट्रांजेक्शन तो किया जा रहा है, लेकिन रुपए नहीं निकलने के बाद भी रकम कम हो रहे हैं। इस पर पुलिस ने ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज चेक किए तो पता चला कि 7 एटीएम से ठगी की है। इस पर पुलिस ने खातों का मिलान किया और साइबर सेल की मदद से पुलिस यूपी के जौनपुर तक पहुंच गई। वहां से अमरनाथ चौहान और दिवाकर यादव को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मऊ निवासी अमरनाथ चौहान और जौनपुर निवासी दिवाकर यादव दोनों ग्रेजुएट हैं। जिम जाने के दौरान दोनों की दोस्ती हो गई। इसके बाद लालच में आकर ठगी करना शुरू किया। क्कसे कवर्धा पहुंचे और एटीएम में छेड़छाड़ कर रुपए निकाल लेते। फ्रि कस्टमर केयर पर झूठी जानकारी देकर बैलेंस ट्रांसफ्र करा लेते थे। फि लहाल पुलिस लेनदेन से संबंधित बैंक खातों को होल्ड कराने की कार्रवाई कर रही है। आरोपी एटीएम में जाकर रुपए निकालते थे। ट्रांजेक्शन के दौरान उंगली फं साकर रुपए पकड़ लेते। एक नोट छोड़ देते थे। थोड़ी देर बाद मशीन उस नोट को वापस खींच लेती। इसके बाद ट्रांजेक्शन डिक्लाइन हो जाता। अंदर का मेकेनिज्म एटीएम से निकली रकम को नहीं जोड़ता था। इसी को आधार बनाकर आरोपी कॉल सेंटर में फ ोन करते और पूरे रुपए का क्लेम बैंक से करते थे तो बैंक उनके खाते में पैसा क्रेडिट कर देती थी।

## मौसमी उतार-चढ़ाव से बच्चों में बढ़ी स्वास्थ्य समस्यायें, पालक रहे सतर्क

**» डॉक्टरी सलाह से ही बच्चों का करवायें इलाज**

**» स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश**

**रायगढ़।** वर्तमान में मौसमी उतार-चढ़ाव के चलते बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार संबंधी समस्या बड़ी मात्रा में देखी जा रही है। जिससे विभाग में बाह्य रोगी एवं भर्ती मरीज बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों की सेहत की देखरेख हेतु दिशा-निर्देश जारी किए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभी प्रतिदिन 60-70 बच्चे ओपीडी में आ रहे है, जिसमें 40-50 बच्चे सिर्फ सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित है वैसे ही भर्ती मरीजों में 50-60 प्रतिशत बच्चे सर्दी, खांसी व बुखार से ग्रस्त है। यह सामान्य मौसमी बीमारी है जो प्रायः बरसात एवं उसके बाद के महीनों में मौसम परिवर्तन के साथ होता है। जो कि सामान्य वायरल के लक्षण है। किसी भी बच्चों में कोरोना संबंधी लक्षण नहीं पाए गए है। कुछ बच्चों को ऑक्सीजन की भी जरूरत पड़ रही है जो कि सीवियर निमोनिया के लक्षण में पड़ती है पर उसके बाद स्थिति में सुधार हो रहा है। कुछ एक बच्चों में समस्या ज्यादा है, गंभीरता देखी जा रही है, ये ऐसे बच्चे है जो या तो पहले से अन्य बीमारियों से ग्रस्त है जैसे दिल की बीमारी, खून की कमी होना, कुपोषण या किसी अन्य बीमारियों से ग्रस्त है एवं अस्पताल पहुंचने में देर कर रहे है।

अभी का मौसम वायरल बुखार ठीक होने में समय ले रहा है, इसमें सावधानी बरतने की आवश्यकता है। किसी भी बच्चे को सर्दी, खांसी का लक्षण हो तो तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर सलाह लें एवं आवश्यकता पड़ने पर शिशुरोग विशेषज्ञों की सलाह ले। स्वयं किसी प्रकार का प्रयोगिक एवं झोलाछाप चिकित्सा के चक्कर में न पड़े। साफ-सफाई रखे एवं ठंड से बच्चों को बचाकर रखें अभी भी कोविड-19 संबंधी सरकार के नियमों का कड़ाई से पालन करें। बाजार की ठंडी वस्तुएं बच्चों को न देवें घर में बने ताजे भोजन एवं फलों का सेवन कराये।

**हेल्थ की टीम ने अस्पतालों का लिया जायजा-** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अधिकारी डॉ.के.डी. पासवान, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ईश्वर राव, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रबंधक डॉ.राकेश वर्मा तथा मलेरिया एवं डेंगू के सलाहकार शेख निषार की टीम द्वारा रायगढ़ के विभिन्न निजी अस्पतालों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिसमें विशेष रूप से डेंगू मलेरिया तथा अन्य मौसमी बुखार के मरीजों की जानकारी ली गई तथा अस्पताल के संचालक एवं लैब टेक्नीशियन को निर्देशित किया गया कि बुखार के मरीज का विशेष रूप से ध्यान रखकर उसके लक्षण के आधार पर उचित जांच कर उसकी प्रतिवेदन भेजें। निजी अस्पतालों में उपस्थित मरीज एवं उनके रिश्तेदारों को सलाह दी गई कि वे अपने आसपास अगर कोई बुखार या अन्य मौसमी बीमारियों के मरीज चाहे बच्चा हो या वयस्क निकटतम अस्पताल में जाकर अपना जांच करायें तथा जल्द रोग मुक्त हो। विलंब करने पर मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है जिसके चलते मरीज के इलाज में कठिनाई होती है तथा जान जाने का भी खतरा बना रहता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480